# प्रेस नोट थाना रामगढ़ दिनांक 07-07-2025 जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम करने वाले वाँछित अभियुक्त सुहेल उर्फ छोटू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त सुहेल उर्फ छोटू पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस बरामद...**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिराक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में किया गया भर्ती...**

दिनांक 07.07.2025 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 06-07-2025 को वादी के पडोस में रहने वाले सुहेल उर्फ छोटू ने वादी की नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम किया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 411/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5M/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 411/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5M/6 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 07-07-2025 को थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 411/2025 से सम्बन्धित अभियुक्त अबू हुरैरा स्कूल के पास हसमतनगर में छुपा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अबू हुरैरा स्कूल के पास गढ्ढा हसमतनगर में दबिश दी गयी। अबू हुरैरा स्कूल हसमतनगर कब्रिस्तान की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम द्वारा जब उसे आवाज दी गयी और पास आने को बुलाया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिसमें उ0नि0 राजकुमार थाना रामगढ़ घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान सुहेल

उर्फ छोटू पुत्र अहजाज निवासी कोहिनूर रोड़ थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है जो थाना रामगढ़ के मु0अ0सं0 411/2025 में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल उ0नि0 राजकुमार को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1.सुहेल उर्फ छोटू पुत्र अहजाज निवासी कोहिनूर रोड़ थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 411/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5M/6 पॉक्सो एक्ट थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0-413/25 धारा 109(1) पुलिस मुठभेड बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।

**बरामदगी –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस।
3. 02 खोखा कारतूस।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
2.उ0नि0 राज कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 दिवेस कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 अजय कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
7.है0का0 646 नेत्रपाल सिंह थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
8. है0का0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
9. है0का0 387 एदल सिंह थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
10.है0का0 1040 अमर पाल सिंह थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
11. का0 1482 सूरजवीर सिंह थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।